# सर्वनाम

प्रश्न - 1. सर्वनाम की परिभाषा लिखो और उसके भेद भी बताओ।

उत्तर - 1. वाक्य में संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले विकारी शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

जैसे - सोहन, मोहन के साथ उसके घर गया। इस वाक्य में 'उसके' सर्वनाम मोहन के स्थान पर प्रयुक्त हुआ है ।

सर्वनाम के छ: भेद हैं जो निम्नलिखित है :-

1. पुरुषवाचक सर्वनाम - जिस से वक्ता (बोलने वाला) ), श्रोता (सुनने वाला) और जिसके सम्बन्ध में चर्चा हो रही हो, उसका ज्ञान प्रप्त हो, जैसे -

| | |
|---|---|
| अन्य पुरुष | वह, वे |
| मध्यम पुरुष | तू , तुम |
| उत्तम पुरुष | मैं, हम |

2. निश्चयवाचक सर्वनाम - इस सर्वनाम से वक्ता के समीप या दूर की वस्तु का निश्चय होता है, जैसे - यह, ये, वह, वे
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम - इस सर्वनाम से किसी पुरुष एवं वस्तु का निश्चित ज्ञान नहीं होता है, जैसे - कोई, कुछ
4. सम्बन्धवाचक सर्वनाम - इस सर्वनाम से दो संज्ञाओं में परस्पर सम्बन्ध का ज्ञान होता है, जैसे - जो, सो, जो करेगा, सो भरेगा।

5. प्रश्नवाचक सर्वनाम - इस सर्वनाम का प्रयोग प्रश्न पूछने और कुछ जान ने के लिए होता है, जैसे - कौन ?, क्या ?, आप कौन हैं ?, मैं क्या करूँगा ?

6. निजवाचक सर्वनाम - जिन वाक्यों में सर्वनाम शब्दों का प्रयोग कर्ता स्वयं अपने लिए करता है, उसे निजवाचक सर्वनाम कहते हैं, जैसे - मैं अपने विद्यालय गया, मोहन ने अपना पाठ याद किया। यहाँ पर 'अपने' और 'अपना' शब्द निजवाचक सर्वनाम के रूप में प्रयोग किये गये हैं।

प्रश्न - 2. नीचे लिखे वाक्यों में कौन-से शब्द सर्वनाम हैं ?

(क) यह मेरी कक्षा है ।

(ख) मैं आठवीं कक्षा का छात्र हूँ ।

(ग) जैसा बोओगे, वैसा ही पाओगे ।

(घ) शेर के दाँत कौन गिन सकता है ?

(ङ़) आ बैल मुझे मार ।

उत्तर - 2. (क) यह, मेरी (ख) मैं (ग) जैसा, वैसा (घ) कौन (ङ़) मुझे ।

प्रश्न - 3. नीचे दिए गए शब्दों में से सर्वनाम शब्द चुनकर उसका भेद लिखो -

घर, सपेरा, मेरा, कोई, माता, हमारा, उसे, भाई, कक्षा, मेरी, पुस्तक।

उत्तर - 3. मेरा - उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

कोई - अनिश्चयवाचक सर्वनाम

हमारा - उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

उसे - अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

मेरी - उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम

प्रश्न - 4. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द प्रश्नवाचक सर्वनाम हैं या अनिश्चयवाचक सर्वनाम ?

(क) कौन गा रहा है ?

(ख) आप क्या देख रहे हैं ?

(ग) आज कुछ होने वाला है ।

(घ) जज ने किसे सज़ा सुनवाई ?

(ड़) कोई तो डूबते को बचाओ ।

उत्तर - 4. (क) कौन - प्रश्नवाचक सर्वनाम

(ख) क्या - प्रश्नवाचक सर्वनाम

(ग) कुछ - अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(घ) किसे - प्रश्नवाचक सर्वनाम

(ड़) कोई - अनिश्चयवाचक सर्वनाम

प्रश्न - 5. नीचे लिखे शब्दों में से पुरुषवाचक सर्वनाम चुनो -

मेरा, कोई, कौन, जो, हमारा, तुम्हारा, किसका, तुम, मैं, मेरा, कैसा, जैसा, क्या।

उत्तर - 5. पुरुषवाचक सर्वनाम - मेरा, हमारा, तुम्हारा, तुम, मैं, मेरा ।

# शिक्षा विभाग , पंजाब



मार्गदर्शक
डॉ. सुनील बहल
स्टेट रिसोर्स पर्सन (हिंदी व पंजाबी)



प्रस्तुति:
वीरपाल शर्मा,
हिंदी शिक्षिका,
सरकारी मिडल स्मार्ट स्कूल,
बाहमणिआँ
जालंधर।



संशोधक:
पंकज माहर,
हिंदी अध्यापिका,
स.मॉ.सी.से.स्कूल,
लाडोवाली रोड,
जालंधर।



संयोजक:
राजन,
हिंदी शिक्षक,
सरकारी माध्यमिक पाठशाला,
लोहारका कलाँ,
अमृतसर।